तापमान

अधिकतम .27 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

4 टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने एसडीएम कार्यालय के सामने दिया धरना





## खबर संक्षेप

### अपनी जमीन खिसकते देख कांग्रेस को याद आए हिन्दू : उमेश

**रायगढ़।** देश भर में अपनी जमीन सरकते देख कांग्रेस को अब हिन्दू याद आ रहे है। कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में शंकराचार्य के मसले में भाजपा को हिंदू विरोधी



बताए जाने पर पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भाजपा नेता उमेश अग्रवाल ने कहा हिन्दू विरोधी छवि की वजह से पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस दहाई अंकों में सिमट कर रह गई है। हिंदुओं के प्रति कांग्रेस के प्रेम को छद्म निरूपित करते हुए उमेश अग्रवाल ने राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयानों का जिक्र करते हुए कहा सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने हिंदुओं को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। सड़क से लेकर संसद तक हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने का काम कांग्रेस ने किया है। यही वजह है कि हिंदुओं ने हर चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। सांसदों की तुलना मन्दिर की प्रतिमा से करते हुए राहुल ने कहा था भाजपा ने सांसदों को मंदिरों की मूर्ति की तरह बनाकर संसद में रखा है। वे कुछ बोल नहीं सकते।हिंदू विरोधी बयान देने वाली पार्टी को सहयोग करना कांग्रेस की नियति रही है। भगवान राम को काल्पनिक बताकर, रामसेतु के खिलाफ हलफनामा दाखिल कर, राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधा बनकर, राम मंदिर के अपूर्ण बता शिलान्यास का न्यौता ठुकराकर कांग्रेस ने सदा हिंदुओं की आस्था पर चोट पहुंचाने का काम किया है। देश की जनता भी कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को भली भांति समझ चुकी है। कांग्रेस को हिंदुओं की नहीं सिर्फ गांधी परिवार की चिंता है।

### किन्नर समाज के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर

**रायगढ़।** किन्नर समाज को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रणी बैंक रायगढ़ द्वारा रायगढ़ में विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज डीएफएस के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गयाए जिसका उद्देश्य किन्नर समाज को सुरक्षित और औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है। शिविर में प्रतिभागियों को बचत खाता खोलने की प्रक्रिया, बचत का महत्व, बजट बनाना, निवेश के सिद्धांत, निवेश में सुरक्षा, तरलता एवं लाभप्रदता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों. कमाना, खर्च करना, उधार लेनाए बचत, निवेश एवं बीमा सुरक्षा के बारे में सरल एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किन्नर समाज को स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### सांसदों के लिए पहले ही चालू हो गया है ई-साक्षी पोर्टल, इसी तर्ज पर छग में तैयार हो रहा पोर्टल

# अब विधायकों को भी पोर्टल में करना होगा अनुशंसा पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर रायपुर में हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अब विधायकों को भी अपने मद की राशि की अनुशंसा पोर्टल में करनी पड़ेगी। कारण इसके लिए भी अब पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इस पोर्टल में ही अनुशंसा की कॉपी अपलोड करना पड़ेगा। रायपुर जिले में अभी बतौर पायलट प्रोजेक्ट इस पोर्टल को चालू की गई है। अगले वित्तिय वर्ष में कागजों के बजाए ऑनलाइन ही अनुशंसा होगी। इसे तैयार करने की एक वजह सांसद मद के लिए पहले ही ई-साक्षी पोर्टल लॉच हो चुकी है। उसमें सांसद मद की अनुशंसा होती है। इसी तर्ज पर अब छग में भी तैयारी चल रही है। इससे कई तरह की सुविधाएं विधायकों और अधिकारियों को होने की बात कही जा रही है। हालांकि रिकार्ड के लिए सांख्यिकी विभाग में इसकी फाइल जमा करना होगा।

**खास बात**

- इसमें पूरे कार्यों की होगी अनुशंसा, इसकी स्वीकृति भी ऑनलाइन ही होगी



**ऐसे मिलता है फंड**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विधायकों को हर साल 4 लाख मिलता है। पांच साल में 20 लाख मिलता है। विधायकों द्वारा यह राशि अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में खर्च की जाती है। हालांकि चार लाख पांच से सात कार्यों की अनुशंसा में ही खत्म हो जाती है। इसका कारण निर्माण लागत बढ़ना है। इसी तरह सांसदों को 5 करोड़ मिलता है। यह राशि तो काफी कम है। कारण लोकसभा क्षेत्र में तीन जिले शामिल है।

अभी ग्रामीणों की मांग पर विधायक अपने पूरे कामों की सूची तैयार करते हैं और उसमें अनुशंसा करके फाइल सांख्यिकी विभाग में भेजते हैं। इसकी स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित निर्माण एजेंसी को भेजी जाती है। इस प्रक्रिया में सप्ताह भर से अधिक लगता है। कभी-कभी तो पखवाड़े भर भी लग जाता है। अब इस झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। अब अनुशंसा कर सीधे पोर्टल में अपलोड कर दी जाएगी। याने सांख्यिकी विभाग में आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। कार्यों की स्वीकृति होने के बाद फिर से पोर्टल में ही अपलोड कर दी जाएगी। संबंधित निर्माण एजेंसी को भी ऑनलाइन स्वीकृति की कॉपी चली जाएगी।

**राशि भी अब सीधे निर्माण एजेंसी को जाएगी**

अब निर्माण एजेंसी को सीधे राशि चली जाएगी। जो मापदंड है उसके आधार पर काम करने के बाद एजेंसी पोर्टल में ही राशि की मांग करेगी। दस्तावेजों की जांच करने के बाद राशि नके खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। यह सुविधा पोर्टल चालू होने के बाद विधायकों और अधिकारियों को मिलेगी। इसके अलावा भी अन्य कई तरह की राहत भी मिलेगी।

**2023 में चालू हुआ ई-साक्षी पोर्टल**

बीते 2023 में सांसद मद के लिए ई साक्षी पोर्टल चालू की गई थी। हालांकि उस समय तक पूरे कामों की अनुशंसा पहले ही हो चुकी थी। कारण 2024 में चुनाव होना था। इसके कारण 2024 लोकसभा चुनाव पूरा होने के बाद इस पोर्टल को चालू किया गया है। इस पोर्टल में ही अभी सांसद अनुशंसा करते हैं।

ई-साक्षी पोर्टल की तरह विधायक मद के लिए भी पोर्टल चालू किया जा रहा है। रायपुर जिले में इस पोर्टल की ट्रायल चल रही है। इस वित्तिय वर्ष में पोर्टल चालू हो जाएगी।

एस कुजूर
सहायक संचालक जिला योजना एंव सांख्यिकी

## पेंशन और वेतन निर्धारण निराकरण के लिए 27 को कैंप

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर पेंशन एवं वेतन निर्धारण से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में यह कैम्प 27 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। कैम्प का आयोजन कार्यालय जिला कोषालय रायगढ़ में किया जाएगा जहां पेंशन एवं वेतन निर्धारण से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कैम्प के सफल संचालन हेतु सहायक संचालक सिद्धार्थ गौरहा, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी अरिमर्दन प्रसाद मिश्रा एवं सहायक आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता दूबे को अधिकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन कार्यालयों के पेंशन अथवा वेतन निर्धारण प्रकरण लंबित हैं, उनके प्रतिनिधियों से कैम्प में उपस्थित होकर प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है।

# किरकिरी हुई तो की दूसरे दिन मिलावटी दूग्ध सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मिलावटी दुग्ध और अन्य सामग्री की जांच कर खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों ने दुकानदार के ही सुपुर्द कर दिया था। इस खबर के बाद विभाग की काफी किरकिरी हुई। कलेक्टर के संज्ञान में आया तो विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद दूसरे दिन जाकर करीब दो लाख के मिलावटी दुग्ध और अन्य सामग्री जब्त की गई। जब जांच में पता चल गया था कि दुग्ध मिलावटी है तो उसी समय जब्त कर लेना था, लेकिन अधिकारियों ने दुकानदार के कब्जे में दे दिया। दूसरी ओर जांच करने वालें अधिकारियों ने गोल-गोल जवाब भी दिया। शुक्रवार कों यह पूरी कहानी होने के बाद जब कलेक्टर की फटकार पड़ी तो अधिकारियों ने आनन-फानन में दुकान पहुंचे और सुपुर्द किए गए सामग्री जब्त किया।

जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-04-क्यूसी-8689 में दही एवं कॉटेज एनालॉग जैसे दुग्ध उत्पाद 5 एवं 15 किलोग्राम के बंद प्लास्टिक जारों एवं पैकेटों में लाए गए थे। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि वाहन चालक एवं अन्य लोगों द्वारा जारों पर लगे मूल खाद्य लेबल हटाकर अन्य ब्रांड के रैपर चिपकाए जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए उक्त वाहन को थाना चक्रधरनगर परिसर लाया गया तथा खाद्य सुरक्षा प्रशासन को तत्काल अवगत कराया गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम तत्काल थाना परिसर पहुंची और वाहन में भरे दुग्ध उत्पादों की जांच की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त खाद्य पदार्थ श्रीमती सोनिया जायसवाल, प्रोपराइटर, मेसर्स कस्तूरी डेयरी, छोटे अतरमुड़ा, गांधी नगर, केलोविहार रायगढ़ द्वारा जिले एवं आसपास के क्षेत्रों में विक्रय के लिए वैद्य फूड्स प्रोडक्ट्स, शंकर नगर, भिलाई-3, कुम्हारी, जिला दुर्ग से मंगाए गए थे।

मौके पर की गई जांच में यह भी गंभीर अनियमितता पाई गई कि नंदनम क्लासिक दही, जिसे कृष्णा नंदन मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम झाली, जिला बिलासपुर द्वारा प्रोसेस एवं मार्केट किया जाता है, जिसके 5 एवं 15 किलोग्राम के बंद जारों से मूल लेबल हटाकर उन पर वैद्य फूड्स दही का रैपर चिपकाया जा रहा था। यह कृत्य खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग एवं प्रदर्शन) विनियम, 2020 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। मौके पर विक्रय के लिए रखे गए दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर संदेह तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग एवं प्रदर्शन) विनियम, 2020 के प्रावधानों का पालन नहीं पाए जाने के आधार पर दही एवं कॉटेज एनालॉग की भारी मात्रा को विधिवत जब्त कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में निरुद्ध किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 3 हजार 750 रुपये आंका गया है।



**इन सामानों की जब्ती**

जब्ती में 5 किलोग्राम के 40 जार नंदनम क्लासिक दही कुल 200 किलोग्राम, 15 किलोग्राम के 21 जार वैद्य फूड्स दही कुल 315 किलोग्राम, वैद्य फूड्स कॉटेज एनालॉग के 4 किलोग्राम के 80 पैकेट कुल 320 किलोग्राम तथा 1 किलोग्राम के 450 पैकेट कुल 450 किलोग्राम शामिल हैं। इस प्रकार कुल 515 किलोग्राम दही एवं 770 किलोग्राम कॉटेज एनालॉग जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं संबंधित विनियमों के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अस्पताल के डॉक्टर क्वार्टर में लगी आग, शार्ट सर्किट की आशंका

**रायगढ़।** जिला अस्पताल के डॉक्टर्स कालोनी के एक क्वार्टर में अचानक आग लग जाने से हडक़म्प मच गई थी। सूचना मिलते हुए पुलिस व दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया। बताया जा रहा है कि क्वार्टर के बरामदे में दो सिलेण्डर रखे हुए थे, जिनमें आग लगी थी। शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। जिला अस्पताल में गोपी टॉकीज मार्ग की ओर डॉक्टर्स कालोनी है, जिसमें डॉक्टरों के अलावा अस्पताल के कर्मचारी रहते हैं। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे बिल्डिंग के द्वितीय तल के एक क्वार्टर से आग की लपटें उठते देख आस-पास क्षेत्र में हडक़ंप मच गई थी। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। वहीं, आग लगने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस एवं फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। हालांकि कुछ ही देर में सभी के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि क्वार्टर के बरामदे में दो सिलेण्डर और अन्य सामान रखा था, जिसमें आग लगी थी। आग केवल बरामदे में ही फैल पाई थी तथा समय रहते आग बुझा लिया गया अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। मामले की सूचना मिलने पर एएसपी अनिल कुमार सोनी भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। एएसपी ने बताया कि आग से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।




### स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था डामरीकरण के लिए 20 करोड़ स्वीकृत

# ताल तोयनिधि का चक्रपथ में होगा अंकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम एमआईसी की बैठक में शहर विकास को लेकर करोड़ों के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई है। गुरुवार दोपहर 12 बजे नगर महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्वच्छता, अधोसंरचना, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति, मानव संसाधन एवं अन्य विकास कार्यों से जुड़े 14 प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद उन्हें स्वीकृति दी गई है। सबसे अहम चक्रपथ सौंदर्यीकरण स्थल पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान देते हुए महाराजा चक्रधर सिंह के प्रसिद्ध ग्रंथ तालतोय निधि के अंकन की अनुशंसा को भी एमआईसी सदस्यों का समर्थन प्राप्त हुआ।



बैठक में रात्रिकालीन रोड स्वीपिंग एवं क्लीनिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने निगम रायपुर एवं बिलासपुर की तर्ज पर निविदा प्रक्रिया अपनाने के प्रस्ताव को पुनः विस्तृत विवरण के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसे एमआईसी द्वारा स्वीकृति दी गई। 15वें वित्त आयोग अंतर्गत टाईट ग्रांट के 10 प्रतिशत तक उपयोग के प्रावधान के तहत एसएलआरएम सेंटर, सीटीध्पीटी एवं जलापूर्ति संयंत्रों के विद्युत बिल भुगतान के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जल एवं उद्यान विभाग में 102, वाहन विभाग में 67 तथा विद्युत, लोक कर्म, सामान्य प्रशासन एवं परिसंपत्ति रख.रखाव विभाग में 59 प्लेसमेंट कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रण के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। अधोसंरचना मद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण कार्य में स्थल परिवर्तन, कयाघाट मुक्तिधाम के विकास कार्य को स्वीकृति तथा ईईएसएल परियोजना की अवधि समाप्ति के बाद शहर की लगभग 18,900 एलईडी स्ट्रीट लाइटों के रख.रखाव के लिए अतिरिक्त 16 कर्मियों की आवश्यकता पर शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों के डामरीकरण के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया।

## खबर संक्षेप

### राउरकेला में पीएम स्वनिधि योजना का सीधा प्रसारण



**राउरकेला।** रेहड़ी पटरी दुकानदारों तथा फेरीवालों की आर्थिक उन्नति को गति देने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित कार्यक्रम से 1 लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया तथा नई क्रेडिट कार्ड व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राउरकेला नगर निगम के पुस्तकालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रघुनाथपाली के विधायक दुर्गा चरण तंती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सरकार की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### तीन साल पहले स्वीकृत पानी टंकी का अब हो रहा निर्माण




**पुसौर।** हर घर में स्वच्छ पानी मुहैया कराने जल जीवन मिशन के तहत पिछले कई सालों से पानी टंकिया, पाइप लाइन का विस्तार के साथ साथ नलकुप खनन किया जा रहा है। बीते कार्यकाल में पुसौर क्षेत्र में इस योजना के तहत 30 प्रतिशत बने। इस तरह कहीं पूर्ण रूप से बनने के बाद भी उपयोग नहीं हो पाया और कहीं कहीं तो बनना भी प्रारंभ नहीं हो पाया। इस कड़ी में ग्राम लिंजिर में बने रहे 2 लाख लीटर का पानी टंकी है जिसकी स्वीकृति अक्टूबर 2023 में हो गई थी। जिसे जनवरी 2026 में बनते हुए देखा जा रहा है। बताया जाता है कि केन्द्र के आधी राशि और प्रदेश शासन के आधी राशि से यह योजना संचालित है। इसी योजना के तहत ग्राम टपरदा में पिछले 2 सालों से एक पानी निर्माण किया जा रहा है जिसका पानी 45 ग्रामों में पहुंचाने की व्यवस्था है। जिसमें रायगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कुछ ग्राम हैं शेष सभी ग्राम खरसिया विधानसभा क्षेत्र के हैं। उक्त निर्माण कार्य का समय भी निर्धारित समय से अधिक हो चुका है और यह जल संयत्र तैयार नहीं हो पाया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी अनुसार ग्राम लिंजिर में बन रहा पानी टंकी 2023 में कोडातराई में बनना था जहां जगह के विवाद के कारण यह कार्य स्थगित हुआ और जगह के चयन करने में पीएचई को 2 साल लग गए।

### खरसिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रायगढ़।** आचार्य गद्दी कबीर धर्म स्थान, खरसिया द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के सहयोग से सफल रहा। इस शिविर में बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के सभी विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहे, जिनकी सेवाओं से 1200 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क जांच एवं उपचार का लाभ लिया। यह स्वास्थ्य शिविर अपनी उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, अनुशासित संचालन और प्रभावी चिकित्सा सेवाओं के कारण खरसिया में चर्चा का विषय बन गया। इस आयोजन के लिए आयोजन समिति द्वारा बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल के समस्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया साथ ही मैनेजिंग डॉयरेक्ट वरिष्ट चिकित्सक डॉ. प्रकाश मिश्रा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं समाजसेवी दृष्टिकोण के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया। यह शिविर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया है।

### प्राथमिक शाला कसैया में हुई महत्वपूर्ण बैठक



**घरघोड़ा।** गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला कसैया, संकुल कन्या घरघोड़ा में एक महत्वपूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों तथा नवभारत साक्षरता मेला को सफलतापूर्वक आयोजित करने को लेकर आवश्यक रणनीति तय करना रहा। इस बैठक में शाला विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सम्मानित सदस्यों के साथ साथ वार्ड पार्षद की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने के लिए अपने अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक स्तर में सुधार, अभिभावकों की सहभागिता जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने, जागरूकता बढ़ाने एवं साक्षरता मेला को प्रभावी रूप से आयोजित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई।

### 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे आयोजित होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत आज फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न हुई। रिहर्सल के दौरान समारोह में शामिल सभी कार्यक्रमों का क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अभ्यास किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो एवं रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल सहित प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रिहर्सल के दौरान सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षणए मार्च पास्ट एवं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समारोह स्थल का निरीक्षण कर मंच एवं बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग विकास, अल्पसंख्यक विकास विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम द्वारा प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरुष, एनसीसी कैडेट एवं स्काउट.गाइड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। साथ ही शहीदों के परिजनों का सम्मान, दिव्यांग विद्यार्थियों को टैब एवं स्मार्ट वॉच वितरण, झांकियों की प्रस्तुतिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोहः राज्यपाल ने जिले के 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा वर्ष 2024 एवं 2025 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर में किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले प्रदेष सहित रायगढ़ जिले के 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया और बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। प्रतिभा सम्मान समारोह में रायगढ़ जिले से माध्यमिक शिक्षा मंडल के वर्ष 2024 की कक्षा 10वीं के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले खुशी पटेल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल घरघोड़ा, करुणा कैवर्त, महेंद्र सिंह पटेल मेमोरियल आदर्श हायर सेकेंडरी नंदेली, बबिता पटेल, शासकीय हाई स्कूल तेलीपाली पुसौर, उमेश बिरहोर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला, धरमजयगढ़, इसी तरह वर्ष 2025 की प्रावीण्य सूची में कक्षा 12वी में स्थान बनाने वाले कृतिका यादवए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ातराईए पुसौरए तरंग अग्रवालए एमपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईरदादर, रायगढ़, वर्ष 2025 की कक्षा 10वी की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले हेमलता पटेल, सेंट माइकल अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लैलूंगा, आयुषी कुमार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेलाए धरमजयगढ़ शामिल है।

## पठन की आदत व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण कड़ी : सांसद राठिया



**रायगढ़।** शासकीय जिला ग्रंथालयए रायगढ़ में आज पठन की आदतों का विकासश विषय पर सारगर्भित एवं प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुआ। यह आयोजन नेशनल लाइब्रेरी मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन और पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का सशक्त केंद्र है और पढ़ने की आदत बच्चों के व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव तैयार करती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पठन को जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिएए क्योंकि यही भविष्य निर्माण की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विषय.विशेषज्ञों ने पठन संस्कृति के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। नागपुर विश्वविद्यालय से प्रोफेसर शालिनी लिहितकर ने पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के संदर्भ में अध्ययन पद्धति समझाई। राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशनए कोलकाता से प्रोजेक्ट ऑफिसर दीपांजन चटर्जी ने मिशन की गतिविधियों की जानकारी दी। शासकीय किशोरी मोहन त्रिपाठी कन्या महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक श्री रंजीत बारीक और करियर मार्गदर्शक अबरार हुसैन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में पढ़ाई की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.केव्ही राव ने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों में पढ़ने की घटती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए पठन को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

### सहज योगियों द्वारा चलो गाँव की ओर अभियान का शुभारंभ

**तमनार।** परम पूज्य माताजी निर्मला देवीजी द्वारा प्रणीत सहज योग का लाभ छत्तीसगढ़ के गांव गांव तक पहुंचाने के उद्देश से सहजयोग ध्यान केन्द्र द्वारा 25 और 26 जनवरी से चलो गाँव की ओर अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। परम पूज्य माताजी निर्मला देवीजी द्वारा प्रणीत सहज योग एक निशुल्क ध्यान पद्धति है, जो व्यक्ति को आत्म साक्षात्कार अर्थात स्वयं को जानने और परमात्मा से जुड़ने की ओर ले जाती है। इस सरल पद्धति के माध्यम से, व्यक्ति अपने अंदर स्थित कुंडलिनी शक्ति को माताजी की कृपा से जागृत कर, आंतरिक शांति, प्रेम और आनंद का अनुभव करता है।

### अमर भवन में नेचुरोपैथी कैंप, बिना दवा उपचार पद्धति से स्वस्थ जीवन का संदेश

राउरकेला। राजस्थान परिषद के तत्वावधान में अमर भवन परिसर में दो दिवसीय नेचुरोपैथी कैंप का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह शिविर राजस्थान परिषद एवं नेचुरोपैथी कैंप हेल्थ वाला भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है।

## पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत क्रेडिट कार्ड के शुभारंभ एवं ऋण वितरण का कार्यक्रम नगर पालिका निगम रायगढ़ के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम देशभर के सभी नगरीय निकायों में एक साथ आयोजित किया गया।

- नगर निगम रायगढ़ में हुआ ऋण वितरण कार्यक्रम

उल्लेखनीय है कि आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तिरुवनंतपुरम केरल में वृहद कार्यक्रम के माध्यम से पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का औपचारिक शुभारंभ करते हुए देशभर के एक लाख से अधिक हितग्राहियों को ऋण वितरित किया गया। इसी क्रम में रायगढ़ नगर निगम में सांकेतिक रूप से सभापति डिग्रीलाल साहू की उपस्थिति में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण एवं रूपे क्रेडिट कार्ड हितग्राहियों को प्रदान कर योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना, जिसे वर्ष 2024 में संशोधित कर 31 मार्च 2030 तक विस्तारित किया गया हैए जिसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है।

योजना के तहत अब 15 हजार रुपए से 25 हजार एवं 50 हजार रुपए तक की बढ़ी हुई ऋण सीमाए यूपीआई से लिंक्ड रूपे क्रेडिट कार्डए डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहन हेतु डिजिटल कैशबैक एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक कवरेज का प्रावधान किया गया है। यह योजना स्ट्रीट वेंडर्स को तात्कालिक सहायता से आगे बढ़ाकर दीर्घकालीन आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सुतीक्ष्ण यादव, लीड बैंक मैनेजर कमल किशोर सिंह, मुख्य प्रबंधक दीपक बादानी, अकाउंट ऑफिसर अजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।

### रमापति विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला



**चंद्रपुर।** रमापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में आनंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट और गाइड के छात्रों के द्वारा विद्यालय के संचालक बड़े सर, सह संचालिका श्रीमती बड़ी एवं उनकी सुपुत्री कुमारी सौम्या साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान शिवनाथ पटेल का सह-सम्मान स्वागत किया गया एवं विद्यालय के संचालक बड़े के द्वारा रिबन कटिंग किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती, अन्नपूर्णा देवी की छायाचित्र पर पूजन अर्चन एवं श्रीफल तोड़कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात आनंद मेला का प्रारंभ हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सुंदर व्यंजन एवं पकवान बनाए थे जिसका लुत्फ सभी बच्चों ने मजे से उठाया और आनंदित हुए।

### एनटीपीसी दर्लीपाली विस्तार पर पल्लीसभा में दिखा आक्रोश, नहीं बनी सहमति

**सुंदरगढ़।** एनटीपीसी दरलीपाली विस्तार परियोजना के तहत 800 मेगावाट की अतिरिक्त इकाई स्थापना और वन भूमि परिवर्तन प्रस्ताव को लेकर दरलीपाली पंचायत में एक पल्लीसभा आयोजित की गई। यह बैठक वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत संवैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के लिए बुलाई गई थी। सरपंच नलिनी कुमुरा की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में प्रखंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, वनपाल, वन अधिकार समिति के सदस्य, एनटीपीसी अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में एनटीपीसी ने प्रस्तावित परियोजना और वन भूमि परिवर्तन की जानकारी दी। ग्रामीणों ने इस पर आपत्तियाँ जताईं। उनका कहना था कि बोरबगा, आलुपड़ा और आसपास के गांव परियोजना में शामिल नहीं हैं, जबकि उनके पास एनटीपीसी ऐश पोंड होने से धूल और धुएँ की समस्या लगातार बनी हुई है। केवल वन भूमि अधिग्रहण पर असंतोष व्यक्त किया गया और सामाजिक दायित्व सीएसआर कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और रोजगार में विकासात्मक कदम उठाने की मांग की गई। पल्लीसभा में किसी भी ग्रामीण ने दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर नहीं किए, जिससे स्पष्ट है कि परियोजना और वन भूमि परिवर्तन के प्रस्ताव को लेकर ग्रामीणों की सहमति अभी नहीं बनी है।

### राउरकेला हाफ मैराथन का पहला संस्करण का आयोजन

**रायगढ़।** सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी द्वारा 24 जनवरी, 2026 को आयोजित राउरकेला हाफ मैराथन का पहला संस्करण शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। एआईएमएस एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसेस द्वारा मान्यता प्राप्त इस मेगा खेल आयोजन में अन्य राज्यों के 1251 राष्ट्रीय स्तर के धावकों सहित 5 हजार से अधिक धावकों ने भाग लियाए जिसने इस्पात नगरी राउरकेला को वैश्विक दौड़ मानचित्र पर एक एक नई पहचान दिलाई। भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुअल ओराम, राउरकेला के विधायक, सरदा प्रसाद नायक, आरएसपी के निदेशक प्रभारी, आलोक वर्मा, आरएसपी के पूर्व निदेशक प्रभारी, अतनु भौमिक, पश्चिमी रेंज के उप महानिरीक्षक आईपीएस बृजेश राय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक रतन कुमार, राउरकेला के पुलिस अधीक्षक आईपीएस, नितेश वधवानी, राउरकेला की अतिरिक्त जिलापाल, सुश्री धीना दस्तीगर आईएएस, बीपीयूटी के कुलपति, प्रोफेसर अमिया कुमार रथ, एनआईटी की निदेशक, प्रोफेसर उमा महेश्वर राव,आरएसपी के सभी कार्यपालक निदेशक, दीपिका महिला संघति के शासी निकाय के सदस्य, ट्रेड यूनियनों और कार्यकारी संघ के प्रतिनिधि और सुप्रसिद्ध खेल व्यक्तित्व धावन प्रारंभ फ्लैग ऑफ समारोह में उपस्थित थे।

### विकसित वीर सुरेन्द्र साय उद्यान का उद्घाटन



**राउरकेला।** सेल राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी द्वारा 23 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेन्द्र साय जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर 20 में विकसित सुंदर पार्क वीर सुरेन्द्र साय उद्यान का उद्घाटन संयंत्र के निदेशक प्रभारी, आलोक वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन, तरुण मिश्र, कार्यपालक निदेशक खान विकास सीएमएलओ बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक संकार्य, बिस्वरंजन पलई, कार्यकारी निदेशक सामग्री प्रबंधन, अनिल कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएँ, सुदीप पाल चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा, राजेश दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक नगर अभियांत्रिकी एवं बागवानी, बी के जोजो, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएँ एवं सीएसआर टीजी कानेकर सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शिशु विद्या मंदिर में बसंत पंचमी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई



**राउरकेला।** शिवाजी मार्ग स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के वातावरण में मनाया गया। पूजा से एक दिन पूर्व विद्यालय के आचार्य आचार्याओं ने छात्र.छात्राओं के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई की तथा कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से सरस्वती पूजा मंडप को सजाकर उत्साहपूर्वक आयोजन की तैयारियां कीं। पूजा के अवसर पर कक्षा दशम की छात्रा दिव्या शर्मा ने विधिवत पूजार्चन संपन्न किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ भक्ति गीतों का मधुर गायन किया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों द्वारा पूरे उत्साह के साथ मां सरस्वती का आवाहन किया गया।

## विवेकानंद पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में हुई पालक शिक्षक बैठक




**बिलाईगढ़।** विवेकानंद पब्लिक हाई स्कूल, बिलाईगढ़ में शनिवार 24 जनवरी को पालकदृशिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक परीक्षा हाफ ईयरली परीक्षा परिणाम पालकों को दिखाए गए। बैठक के दौरान पालकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विषय शिक्षकों से आवश्यक चर्चा की। इस अवसर पर पालकों द्वारा विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन कर शिक्षकों को आवश्यक सुझाव भी दिए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्व में सभी पालकों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला और बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना तथा पालक शिक्षक समन्वय को और अधिक मजबूत करना रहा। बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से पालकों के लिए चाय नाश्ता की भी व्यवस्था की गई थी, जिसकी उपस्थित पालकों ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, निदेशक सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास करने की बात कही।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वीणा उत्सव



**कोसीर।** सरस्वती शिशु मंदिर कोसीर में बंसत पंचमी के अवसर पर वीणा सरगम उत्सव धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तैल चित्र में धूप अगरबत्ती जलाकर नमन करते हुए मां सरस्वती की भक्ति गीत के साथ प्रारंभ की। वही मुख्य अतिथि जनपद सदस्य हेमा विश्व नाथ बंसत व हीरा भैरव नाथ, लक्ष्मी नारायण लहरे, राजू दास महंत व प्राचार्य बेदराम रत्नाकर के दारा पूजा पाठ कर शुभारंभ किया कार्यक्रम में स्कूल छात्र छात्राओ ने भक्ति पूण एवं फिल्मी देश भक्ति गीतों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने स्कूल के लिए अपने 50 हजार देने की घोषणा की। इस विशेष कार्यक्रम में कोसीर, सरपंच सूमन राजेन्द्र राव बटाऊपाली, सरपंच अनिता फिरत रत्नाकर, विरेन्द्र निराला पत्रकार में राजू दास महंत लक्ष्मी नारायण लहरे श्याम पटेल कोसीर पंच अनिता संदीप बनज एवं स्कूल प्राचार्य बेदराम रत्नाकर स्कूल शिक्षक दीदी छात्र-छात्राएं एवं भारी संख्या मे पालकगण उपस्थित हुए।



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।



## लाइफ Style

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो,



सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।

## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी।



इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।

# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।



## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।





### परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## खबर संक्षेप



### शिक्षक कर रहे हैं पेड़ पौधों की सुरक्षा

**सरिया।** बसंत पंचमी भारतीय जीवन दर्शन का सजीव प्रतीक है। जहां धर्म, विज्ञान, मनोविज्ञान और प्रकृति एक दूसरे से अलग नहीं है बल्कि, एक ही चेतना के विविध रूप है। वसंत ऋतु पर प्रकृति हर वर्ष स्वयं को नया करती है और मातृभूमि की श्रृंगार करती है। ऋतुराज बसंत के आगमन पर अंचल के प्रकृति प्रेमी एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेंद्र चौहान विगत कई वर्षों से प्रकृति की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति का साहचर्य मेरे लिए सदैव ही आत्मीयता से परिपूर्ण रहा है। जीवन का स्पंदन मैंने प्रकृति के सौंदर्य और पुष्पों में पाया है।

### नौकरी के लिए 2870 युवाओं का पंजीयन

**रायगढ़।** आगामी 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 15 हजार रिक्त पदों पर चयन की कार्रवाई नियोक्ताओं द्वारा की जाएगी। रोजगार मेले में अधिसूचित रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदकों के लिए विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी प्रदान की गई है।

### कल बंद रहेगी शराब दुकान

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मदिरा शुष्क दिवस का आदेश जारी किया है। इस आदेश के पालन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की सीमा में संचालित समस्त देशी, विदेशी और कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानों जैसे देशी मदिरा दुकान सीएस 2 घघ, कंपोजिट मदिरा सीएस 2 घघ कंपोजिट, विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घघ कंपोजिट दुकानों एवम मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता, सीएस 2 ग अहाता, सीएस 2 ग कंपोजिट अहाता, एफ एल 1 ख अहाता पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान जिले में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार जैसे विक्रय, विनिर्माण, संग्रहण, धारण और परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### सरस्वती अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुई पूजा

**रायगढ़।** सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा बड़े ही श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक एवं मनोहारी रूप से सजाया गया। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति और उत्साह से ओत प्रोत हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा छात्र.छात्राओं ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर ज्ञान, बुद्धि एवं सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर विद्यारंभ संस्कार का भी आयोजन किया गया।

### कलेक्टर ने ली बैठक, प्रभावित गांवों के लोगों से सकारात्मक संवाद

# केलो परियोजना से कृषि विकास और जल सुरक्षा की बनी मजबूत आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले की जीवनदायिनी केलो वृहद सिंचाई परियोजना आज जिले के कृषि आधारित विकास, जल सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि की मजबूत रीढ़ के रूप में स्थापित हो चुकी है। इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने केलो परियोजना की समीक्षा बैठक लेकर प्रभावित ग्रामों के प्रमुखों से सकारात्मक संवाद किया तथा परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने भू अर्जन एवं पुनर्वास से संबंधित मुआवजा वितरण को मिशन मोड में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रभावित ग्रामों के प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने परियोजना



बैठक लेते कलेक्टर।

से जुड़े सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि केलो वृहद सिंचाई परियोजना को शासन से तृतीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। केलो बांध से रायगढ़ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों को पेयजल एवं निस्तार हेतु सतत जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके लिए बांध में 4.44 मिघमी जल का प्रावधान रखा गया है। साथ ही क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों को भी जल आबंटन किया गया है, जिससे औद्योगिक विकास को भी बल मिला है। बांध निर्माण के बाद क्षेत्र में भू-जल स्तर में निरंतर सुधार दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त, रायगढ़ जिला मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर पर्यटन सह पर्यावरणीय उद्यान का विकास किया गया है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। वर्ष 2015 से केलो बांध में प्रारंभ मत्स्य उत्पादन के माध्यम से अब तक 214 परिवारों को आजीविका का स्थायी साधन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार, केलो वृहद सिंचाई परियोजना रायगढ़ जिले के लिए केवल एक सिंचाई योजना नहीं, बल्कि कृषि समृद्धि, जल सुरक्षा, रोजगार और सतत विकास की जीवनरेखा बनकर उभर रही है।

# जनजागरण अभियान के तहत हिर्री में सांसद ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मण्डल लेंधरा बरमकेला के ग्राम हिर्री में विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण। वीबी जी राम जी के जनजागरण अभियान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद ने सहभागिता करते हुए ग्रामवासियों से सीधा संवाद किया।

ग्राम चौपाल में किसान, श्रमिक, आमजन एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर सांसद ने वीबी जी राम जी योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना पारंपरिक मनरेगा की तुलना में अधिक प्रभावी, व्यापक एवं भविष्य-उन्मुख है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के अंतर्गत रोजगार के साथ-साथ आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सांसद ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ लें और जनभागीदारी के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत गांव ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की आधारशिला हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने अपनी जिज्ञासाएं और सुझाव भी साझा किए, जिनका सांसद द्वारा समाधान किया गया। ग्राम चौपाल में उपस्थित जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी से जनजागरण अभियान को नई ऊर्जा मिली।

# टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों ने एसडीएम कार्यालय के सामने दिया धरना



**सारंगढ़।** धान खरीदी में टोकन नहीं कटने से आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार की रात एसडीएम कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया।

देर रात तक चले इस विरोध प्रदर्शन में किसानों के साथ राकेश पटेल ब्लाक कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ ग्रामीण शुभम बाजपेयी युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अचानक हुए रात के धरने से प्रशासन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि सभी दस्तावेज, पंजीयन रिकॉर्ड सही होने भौतिक सत्यापन होने के बावजूद धान की बिक्री के लिए टोकन जारी नहीं किया जा रहा, जिससे किसान भारी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं।

किसानों ने आरोप लगाया कि धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। धरने के दौरान राज्य सरकार और जिम्मेदार मंत्रियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रात के सन्नाटे में उठते नारों ने प्रशासन की नींद उड़ा दी। स्थिति बिगड़ते देख तहसीलदार और एस डी एम मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की।

अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया, लेकिन लिखित आदेश या स्पष्ट समाधान न मिलने से किसानों में नाराजगी बनी रही। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र टोकन जारी नहीं किए गए तो जिला कांग्रेस द्वारा व्यापक चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई । धान खरीदी के नाम पर जारी अव्यवस्था ने एक बार फिर सरकार की किसान नीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### सड़क में फैले निर्माण सामग्री से बढ़ी परेशानी

**पुसौर।** ठेकेदार सरकारी काम का हवाला देकर निर्माण में उपयोगी सामग्रियों को ऐसे बेतरतीब रखते हैं जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित होता है। वहीं थोडी सी लापरवाही हुई तो दुर्घटना होने की संभावना रहती हे। इस तरह की परिस्थिति से पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम झारमुड़ा के डीपापारा के लोग इन दिनों जूझ रहे हैं। वहां स्थित छात्रावास के बच्चे भी इसमें शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक ग्राम गौरव योजना के तहत यहां रोड निर्माण किया गया है। साथ ही रोड के दोनों ओर नाली का निर्माण होने जा रहा है। बने हुए रोड के बीचों बीच नाली निर्माण के लिए गिट्टी के ढेर रखे गए हैं जो रोड को ढक दिया है। जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत तो है ही, वही पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी का सामना यहां के लोग कर रहे हैं इसके साथ साथ ग्राम सुर्री पहुंचने वाले राहगीरों को हो रहा है।

# आरोहन में नन्हें बच्चों ने प्रस्तुत की सांस्कृतिक कला की मोहक झांकी

**तमनार।** ओपी जिंदल स्कूल, राबो में वार्षिकोत्सव आरोहन 2025-26 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया व अपने में निहित प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जिसे उपस्थित अतिथियों ने खुब सराहा। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को व प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम आरपी पाण्डेय, महाप्रबंधक, मानव संसाधन कर्मचारी सेवाएं जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य, ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष, सीएसआर जेपीएल तमनार, राजेन्द्र डनसेना, प्रबुद्ध नागरिक, श्रीमती निन्द्रवती राठिया, श्रीमती रमन्ती राठिया, सरपंच, ग्राम पंचायत राबो, डा. यशवंत डनसेना, सहायक महाप्रबंधक, उद्यानिकी व डेयरी विभाग, श्रीमती शीतल पटेल, प्रबंधक, जेपीएल तमनार, प्रदीप कुमार, प्रधान पाठक, ओपी जिंदल स्कूल, राबो, अविभावकों की




उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं ओपी जिंदल के छायाचित्र के पर विधिवत मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्वलन पश्चात अतिथियों का स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार ने स्वागत वाचन करते हुए स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं विद्यालयीन उपलब्धी व लक्ष्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि जिंदल फाउण्डेशन, सीएसआर जेपीएल राबो बांध परिक्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सदैव तत्पर रही है। विशेषकर शिक्षा के बेहतरी के लिए ओपी जिंदल स्कूल, राबो का उन्नययन किया गया है। नए श्रेष्ठ शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। सुगम स्कूल पहुंच सेवा के लिए बस उपलब्ध कराई गई। जिससे बच्चों को स्कूल आने में किसी प्रकार का कोई व्ययवधान न हो। आधुनिक सर्वसुविधायुक्त कम्प्यूटर लैब की स्थापना की गई है। जिससे बच्चे देश दूनियां से मुखातिब हो सकेगें। उन्होनें संस्थान के चहुमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। वहीं मुख्य अतिथि आरपी पाण्डेय ने अपने सारगर्भित संबोधन में संस्थान के प्रथम वार्षिकोत्सव आरोहन के शानदार आयोजन पर हार्दिक बधाइयां देते हुए कहा कि. विद्यार्थियों के जीवन में स्नेह सम्मेलन, वार्षिकोत्सव व खेल प्रतियोगिताओं का स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण होता है।

# कलेक्टर ने बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण और बोर्ड परीक्षा की तैयारी का जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरुवार को जिला मुख्यालय सारंगढ़ में संचालित कई संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने आशा निकेतन वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया।

इस दौरान डॉ कन्नौजे ने आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों से आत्मीय बातचीत कर उनके खान पान, स्वास्थ्य एवं दैनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वृद्धजनों की सेहत को ध्यान में रखते हुए पोषणयुक्त भोजन प्रदान करने तथा सप्ताह में एक बार चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने कलेक्टर ने निर्देश दिए। इसके साथ ही अपने धर्म के अनुरूप गीत संगीत से मानसिक शांति एवं सकारात्मक वातावरण के लिए साउंड बॉक्स के माध्यम से भजन कीर्तन चलाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा एवं समाज कल्याण विभाग के विनय तिवारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित कन्या छात्रावास सारंगढ़



का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, रसोई में रखे भोजन सामान की स्थिति एवं सामग्री की एक्सपायरी डेट की जांच की। निरीक्षण के दौरान चावल की एक बोरी फटी हुई पाई गई, जिस पर चावल को नमी से बचाने हेतु ड्रम में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने छात्राओं से विशेषकर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर चर्चा की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन एवं अच्छा प्रतिशत लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा उपस्थित रही। इसके बाद कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सखी वन स्टॉप सेंटर सारंगढ़ का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक दर्ज प्रकरणों, डेली रजिस्टर और काउंसलिंग प्रक्रिया का रिकॉर्ड चेक किया।

# टॉपटेन में शामिल दो छात्र हुए सम्मानित

**चंद्रपुर।** शैक्षणिक वर्ष 2024.25 में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र प्रवीण प्रजापति ने राज्य में चतुर्थ स्थान तथा छात्र शुभम देवांगन ने राज्य में दशम 10 स्थान प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है।

विद्यार्थियों को रायपुर के लोक भवन में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत हुए मेघावी छात्र सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्यपाल रमेन डेका द्वारा प्रवीण प्रजापति एवं शुभम देवांगन को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके



उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रवीण प्रजापति और शुभम देवांगन की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का प्रतिफल है। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, शिक्षकों एवं सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रपुर के मार्गदर्शन को दिया।

**न्यायालय तहसीलदार चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**

619/23.01.2026
202601311200053

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र./ब-121/2025-26
ग्राम चंद्रपुर प.ह.नं. 08

सर्व साधारण ग्राम चंद्रपुर प.ह.नं. 08 तहसील चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक शशांक कश्यप वल्द अशोक कश्यप जाति कुर्मी निवासी चंद्रपुर ने अपने पुत्र/पुत्री/माता/पिता/स्वंय के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र/पंचनामा/चालान की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक के पुत्र/पुत्री/माता/पिता/स्वंय शशांक कश्यप के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी कोई दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 01/02/2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में किये गये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 23.01.26 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा से से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**चन्द्रपुर**

**न्यायालय तहसीलदार चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**

619/23.01.2026
202601311200053

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र./ब-121/2025-26
ग्राम चंद्रपुर प.ह.नं. 08

सर्व साधारण ग्राम चंद्रपुर प.ह.नं. 08 तहसील चन्द्रपुर, जिला सक्ती (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदक निकिता कश्यप वल्द अशोक कश्यप जाति कुर्मी निवासी चंद्रपुर ने अपने पुत्र/पुत्री/माता/पिता/स्वंय के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र/पंचनामा/चालान की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक के पुत्र/पुत्री/माता/पिता/स्वंय निकिता कश्यप के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने में किसी कोई दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 01/02/2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में किये गये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 23.01.26 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा से से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**चन्द्रपुर**

# कुडेकेला सहकारी समिति में गड़बड़ी का आरोप, किसानों का शोषण

**छाल।** क्षेत्र की कुडेकेला सहकारी समिति में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी और अनियमितताओं का आरोप सामने आया है। किसानों का कहना है कि समिति के सहायक प्रबंधक, नोडल अधिकारी और बिचौलियों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर धान खरीदी की जा रही है।

आरोप है कि बिचौलियों द्वारा लाए गए धान की न तो नमी जांच की जाती है और न ही गुणवत्ता देखी जाती है। पुराने जूट बोरों में भरे धान को सीधे खरीदी कर लिया जाता है, जबकि किसानों द्वारा लाए गए धान की बार-बार जांच कर उन्हें परेशान किया जाता है। किसानों ने बताया कि समिति में लेबर की भारी समस्या है। कई बार किसान स्वयं



अपना लेबर लेकर आते हैं और समिति के लेबरों का तौल का भुगतान भी किसानों से ही लिया जाता है। इसके अलावा 40.700 किलोग्राम के स्थान पर 41.200 किलोग्राम तौल लिया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पूर्व में नमी के नाम पर कई किसानों का धान वापस किया गया, जबकि बिचौलियों का धान पाला ढाल किए गए बिना सीधा खरीदी कर लिया जाता है।







